हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 जून 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 अटल सदन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान...



11 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने कटिबद्ध है सरकार...








# आमागुड़ा पारा का सरकारी स्कूल जर्जर, बारिश में तालपतरी लगाकर होती है पढ़ाई

## बच्चों के भविष्य को लेकर उठे सवाल, बस्तर ब्लॉक के सिवनी पंचायत का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी आमागुड़ा पारा में संचालित प्राथमिक शाला का भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है। हालात यह है कि बरसात शुरू होने से पहले ही स्कूल की छत से पानी टपकने लगे है ।

दीवारें सीलन और दरारों से भर चुकी हैं। बच्चों को भय और असुरक्षा के माहौल में पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है। कभी भी यह जर्जर स्कूल भवन जानलेवा दुर्घटना का सबब बन सकता है।



### जल्द से जल्द कराई जाए मरम्मत

ग्रामवासी और पालक संगठन यह मांग कर रहे हैं कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें। बरसात में बच्चों और शिक्षकों की जान जोखिम में डालने वाली जर्जर इमारत का शीघ्र मरम्मत की जाए। साथ ही नवीन शाला भवन का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। और वे बिना डर और जोखिम के पढ़ाई कर सकें।

विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जर्जर भवन की मरम्मत तत्काल कराई जाए। साथ ही नवीन प्राथमिक शाला भवन की स्वीकृति दी जाए ताकि आने वाले सत्र में बच्चों को सुरक्षित और उचित वातावरण में पढ़ने का अवसर मिल सके। यह मामला राज्य के वन मंत्री केदार कश्यप के विधानसभा क्षेत्र का है। यह जानकर ग्रामीणों में गहरा रोष है कि जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व स्वयं मंत्री कर रहे हैं, वहां बच्चों के लिए मूलभूत सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हो पाई हैं।

## खबर संक्षेप

### उत्कल समाज का शपथ ग्रहण समारोह होगा कल

**जगदलपुर।** उत्कल समाज जगदलपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 25 जून को शाम 6 बजे भैरमदेव वार्ड स्थित उत्कल समाज भवन में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक किरण देव, अध्यक्षता सांसद महेश कश्यप करेंगे। अन्य अतिथियों में विधायक विनायक गोयल, पुरंदर मिश्रा, ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पाण्डे तथा नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन मौजूद रहेंगे। वही 3 वार्ड के पार्षद निर्मल पाणिग्राही , त्रिवेणी रंधारी तथ कुबेर नाथ देवांगन की भी उपस्थिति रहेगी।

### वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने से कर्मचारी मुसीबत में

**जगदलपुर।** छग शासकिय लघुवेतन कर्मचारी संघ बस्तर के जिला सचिव सोनसिंह कश्यप ने जारी बयान में कहा कि आदिम जाति कल्याण विभाग ने 2014 में सीधी भर्ती के माध्यम से चतुर्थ श्रेणी कमर्चारियों को



नियुक्त किया था। आश्रम छात्रावास में कार्यरत कर्मचारियों को पहले 3 वर्ष तक कलेक्टर दर पर और उसके बाद 2017 में नियमित वेतनमान का आदेश जारी किया गया। उन्होंने कहा मई 2019 तक 17 माह का अंतर राशि अप्राप्त है। वही जुलाई 2018 से वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है। हाईकोर्ट के आदेश से 2021 से प्रदान किया गया। अब सहायक आयुक्त जगदलपुर ने 2023 से वार्षिक वेतन वृद्धि रोक दी है। हमारे जायज मांगो की अनदेखी अधिकारी कर रहे है। उन्होंने 15 दिन के अंदर निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### पत्रिका आद्योपांत का विमोचन आज

**जगदलपुर।** माता रूक्मिणी सेवा संस्थान डिमरापाल के संस्थापक पद्मश्री धर्मपाल सैनी के 95 वें जन्मदिवस के अवसर पर संस्थान की पत्रिका आद्योपांत का विमोचन किया जाएगा। 24 जून को दोपहर 3 बजे संस्थान के परिसर में कार्यक्रम होगा।

**आयोजन:** ओडिशा के बोरगांव के बैलबाजार में जुटते हैं 3 राज्य के मवेशी कारोबारी

# खेती किसानी सीजन आते ही बैलों की बढ़ी मांग 80 हजार से लेकर 1.5 लाख जोड़ी में बिक रहे

सुरेश/धमेंद्र ▶▶| जगदलपुर/नगरनार

- पंचायत को प्रत्येक शनिवार को होती है 50 हजार से अधिक की कमाई

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर धनपुंजी और भेजापदर से ओड़सिा की सीमा शुरू हो जाती है। भेजापदर में इंद्रावती नदी का पुल पार करते ही ओड़सिा का आलपदर गांव शुरू हो जाता है। यहां इंद्रावती नदी 2 राज्यों को विभाजित करती है। नगरनार से लगभग 10 किलोमीटर दूर बोरगांव में शनिवार को बैलबाजार लगता है। यह साप्ताहिक बाजार कोसागुमडा ब्लाक के अंतर्गत आता है। हरिभूमि ने



अलग खबर

शनिवार को ओड़सिा के बोरगांव में बैलबाजार का जायजा लिया जहां 3 राज्य ओड़सिा, छतीसगढ़ और आंध्रप्रदेश के मवेशी खरीददार बड़ी संख्या में पहुंचे थे। बैलजोड़ी बेचने वाले ग्रामीण माकड़ी, आमड़ा, बोरगांव, कोसागुमडा, आलपदर समेत ओड़सिा के दूर दूर के गांव से पहुंचे थे।

बैलजोड़ी को घंटी और रंगीन धागों के गुच्छों से सजाकर लाए थे। पूछने पर सामान्य कद का बैलजोड़ी 70 से 90 हजार तक ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बड़े वाहनों में दूर दूर से आते हैं व्यापारी

बोरगांव के इस बैलबाजार में ग्रामीणों के अलावा कई बड़े व्यापारी भी नजर आए जो यहां से बैलजोड़ी खरीदकर आगे अधिक दाम में बेचने का काम करते हैं। छोटा सा बोरगांव हर शनिवार को लाखों का लेनदेन का प्रमुख केंद्र बन जाता हैं।

### दो राज्य की सीमा पर कोई नाका नही

भेजापदर के इंद्रावती नदी में हर साल बाढ़ आने से नाव दुर्घटना होने के कारण बारिश में कई जान चली जाती थी। ग्रामीणों के मांग पर प्रदेश सरकार ने बड़ा पुल बनाया। पुल बनने से दो राज्य छतीसगढ़ और ओड़सिा के बीच व्यापार और सभी तरह के सामाजिक, धार्मिक, राजनितिक और अन्य कामकाज होते हैं। लेकिन पुल के दोनों तरफ किसी भी विभाग का नाका नहीं होने से अनैतिक और अवैध कार्य भी होते हैं। वैसे ओड़सिा से गांजा तस्कर बस्तर होते हुए रायपुर ,दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश तथा मध्यप्रदेश की और कूच करते हैं।

### पहले बाढ़ आने से टापू बन जाता था भेजापदर

पूर्व सरपंच कामदेव कश्यप ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि 15 से 20 साल पहले तक बारिश में हर साल इंद्रावती में बाढ़ आने से भेजापदर टापू बन जाता था। पहले यह नगरनार पंचायत में शामिल था

# वन भूमि की जोताई करते दो ट्रैक्टर को किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

- वन अपराध दर्ज कर राजसात की हो रही कार्रवाई

जिले के वन परिक्षेत्र बस्तर के उप परिक्षेत्र कुंगारपाल के अन्तर्गत वनक्षेत्रों में अतिक्रमण, अवैध कटाई और अवैध उत्तखनन की रोकथाम के लिए वन कर्मचारियों और अधिकारियों का भम्रण हो रहा हैं । इस दौरान रविवार को संरक्षित वन कक्ष कमांक 422 पी. में मक्का बोआई में 2 महिन्द्रा ट्रेक्टर को हल जोताई करते जब्त किया गया। यह कार्रवाई वनमंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार तथा मुख्य वन संरक्षक आर.सी. दुग्गा एवं वनमण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में उपवनमण्डलाधिकारी बस्तर आई.पी.बंजारे के नेतृत्व में की गई। इस कार्यवाही में बी.एल. सुरोजिया परिक्षेत्र अधिकारी बस्तर, वनपाल समुन्दसाय गिरोलिया, सगराम बघेल, वनरक्षक इन्द्रजीत सोरी, ईश्वर दिवान, धनसिंग ठाकुर, पुरन मौर्य एवं ▶▶| शेष पेज 10 पर

# पशु बाजार में गोवंश की तस्करी रोकने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बजरंग दल ने कलेक्टर को सौंपा मांगपत्र

बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सोमवार को बस्तर संभाग में संचालित पशु बाजारों के माध्यम से हो रही गोवंशीय पशुओं की तस्करी को रोकने मुख्यमंत्री के नाम मांगपत्र कलेक्टर को सौंपा।

मांग की गई कि नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा एवं कांकेर जैसे संवेदनशील जिलों में संचालित पशु बाजारों को तत्काल बंद किया जाए और हो रही पशु तस्करी पर कठोर कार्रवाई की जाए। विहिप विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी ने कहा बस्तर की पवित्र धरती पर गोवंश की तस्करी हमारी धार्मिक आस्थाओं और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का घोर अपमान है। सरकार यदि जल्द उचित कदम नहीं उठाती,तो हमें सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बजरंग दल विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप ने बताया हम बार-बार प्रशासन को इन अवैध गतिविधियों की जानकारी दे चुके हैं, परंतु अपेक्षित कार्यवाही नहीं हुई। हम चाहते हैं कि बस्तर संभाग में पशु परिवहन पर नियंत्रण के लिए स्थायी चेक पोस्ट बनाए जाएं और प्रत्येक वाहन की जांच हो। बजरंग दल जिला संयोजक मुन्ना कोरी ने कहा जनभावनाओं को आहत करने वाली ऐसी तस्करी अब और बर्दाश्त ▶▶| शेष पेज 10 पर



# आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए सम्पूर्ण जीवन किया समर्पित

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई

**लोहंडीगुड़ा।** लोहंडीगुड़ा के भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं भारत के प्रथम उद्योग मंत्री , शिक्षाविद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई । इस अवसर पर पदाधिकारी एवं कार्यकतार्ओं ने उनके महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, सामाजिक न्याय और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। वे कुशल संगठक थे जिन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना के माध्यम से राष्ट्रीय हित की विचारधारा ▶▶| शेष पेज 10 पर




**गायत्री शक्तिपीठ की संगोष्ठि में हरिद्वार से पहुंचे लोग हुए शामिल**

# कलयुग में आसुरी ताकत से निपटने संगठन की शक्ति आवश्यक: कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सतयुग, द्वापर युग, त्रेतायुग में अलग अलग विरोधी ताकतों से निपटने के लिए अलग अलग शक्तियों का प्रयोग किया गया था। वर्तमान में कलयुग चल रहा है। इस कलयुग में आसुरी ताकत से निपटने के लिए संघ या संगठन की शक्ति जरुरी है।

हमें संगठित होकर इसका मुकाबला करना है। सांसद महेश कश्यप ने गायत्री शक्ति पीठ के तत्वावधान में हुए संगोष्ठी में यह बात कही। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार का संगठन बेहद शक्तिशाली है। सत्ता, प्रशासन व आर्थिक संगठन बिखर सकते हैं। यह आध्यात्मिक संगठन नहीं टूटेगा। गायत्री परिवार के तत्वावधान में रविवार को बालाजी मंदिर के कल्याण मंडप में एक जोन स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस संगोष्ठी को हरिद्वार से आए केंद्रीय प्रतिनिधि सुखदेव सिंह निर्मलकर, परमेश्वर साहू, लेखराम साहू, आदर्श वर्मा व मुख्य ट्रस्टी जयश्री श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। संगोष्ठी में शामिल परिजनों ने बताया कि आगामी वर्ष माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी है। इसलिए इसे आयोजित करने रुपरेखा तैयार की जा रही है। इस दौरान आनंद राम साहू, विकास श्रीवास्तव, निलेश सिंह ठाकुर, गीता शर्मा, ▶▶| शेष पेज 10 पर




### त्रिवेणी साधना का वर्ष है 2026

*निर्मलकर ने कहा कि आने वाले साल माता भगवती देवी शर्मा जन्म शताब्दी, अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन की जन्म शताब्दी व महर्षि अरविंद की जन्म शती है। इसलिए यह साल त्रिवेणी साधना का वर्ष है। हमें इसे नवयुग के आगमन के तौर पर मनाना है।*

## खबर संक्षेप



### कोण्डागांव में 5 लाख का सागौन चिरान जब्त

कोण्डागांव। वन विभाग की उड़नदस्ता दल और विशेष टीम ने सोमवार को शहर की डीएनके कॉलोनी स्थित प्रेमनगर क्षेत्र में अवैध रूप से संग्रहित सागौन चिरान जब्त किया है। कार्रवाई वनमंडलाधिकारी, कोंडागांव के निर्देश पर संयुक्त वनमंडलाधिकारी पश्चिम कोंडागांव उपवनमंडल के मार्गदर्शन में और परिक्षेत्र अधिकारी, कोंडागांव के नेतृत्व में की गई। वनमंडलाधिकारी के अनुसार प्रेमनगर, डीएनके कॉलोनी स्थित कृष्णपद विश्वास पिता स्व. सुधीर विश्वास के घर पर छापेमारी के दौरान अवैध रूप से रखे गए कुल 17 नग सागौन चिरान 0.153 घन मीटर तथा 1 नग सागौन लट्ठा 0.081 घन मीटर बरामद किए गए। जब्त की गई लकड़ी की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 5 लाख रुपए आंकी गयी है। घटनास्थल पर तत्काल अपराध दर्ज करते हुए पीओआर क्रमांक 18487/21 दिनांक 23 जून को प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। हालांकि कार्रवाई के समय आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन उसके विरुद्ध न्यायालयीन कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। वन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती ऑनलाइन परीक्षा की तिथियां और केंद्र जारी

कोण्डागांव। अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। कोण्डागांव जिले के जिन उम्मीदवारों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया है उनके लिए सेना भर्ती कार्यालय द्वारा कॉमन एंट्रेंस परीक्षा की तारीखें निर्धारित कर दी गई हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा 30 जून से 4 जुलाई 2025 तथा 7 जुलाई से 10 जुलाई 2025 के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा पांच केंद्रों में बिलासपुर, रायपुर, भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर में 3 शिफ्ट में संचालित किया जाएगा। अग्निवीर क्लर्क और एस.के.टी. पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर लिया जाएगा। क्लर्क, एस.के.टी. के लिए दो अलग–अलग प्रवेश पत्र जारी किया गया है। पंजीकृत उम्मीदवार अपने प्रवेश पत्र भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

# सामाजिक सहभागिता पर विशेष जोर, 43 राज्य पुरस्कृत छात्र सम्मानित

## राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ की उपस्थिति में स्काउट-गाइड की वार्षिक समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने अपने तीन दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान कोंडागांव में स्काउट गाइड गतिविधियों की वार्षिक समीक्षा बैठक ली। 19 जून को जिला कार्यालय सभागार में आयोजित इस बैठक की शुरुआत कब–बुलबुल दल के परियों के स्वागत, भारत माता की छायाचित्र पर पुष्प अर्पण और प्रार्थना गीत के साथ हुई। बैठक में डॉ. सोमनाथ यादव, सहायक राज्य आयुक्त स्काउट अब्दुल वाजिद खान, जिला कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान और खंड शिक्षा अधिकारी सहित जिले भर के स्काउटर, गाइडर और राज्य पुरस्कृत स्काउट गाइड उपस्थित रहे। समीक्षा के बाद, 43 राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर, जिनमें दहिकोंगा, पीपरा, चिपावण्ड, मालगांव, गिरोला, भण्डार सिवनी, सिंगनपुर के छात्र और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ओपन रोवर क्रू के सदस्य शामिल थे, को संबंधित संस्थाओं के प्राचार्यों सहित सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कोंडागांव में प्रतिवर्ष तृतीय सोपान और निपुण जांच प्रशिक्षण शिविर आयोजित होते हैं। जिले के स्काउट गाइड स्वच्छता पखवाड़ा, सड़क सुरक्षा, साक्षरता, मतदाता जागरूकता, बालिका शिक्षा, सुपोषण और वृक्षारोपण जैसे अनेक सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। जिले में 51 प्रशिक्षित यूनिट लीडर हैं और 43 संस्थानों में भारत स्काउट गाइड संचालित हैं।



ये रहे उपस्थित : बैठक का सफल संचालन वरिष्ठ स्काउट मास्टर ऋषिदेव सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त, सचिव, प्रशिक्षण आयुक्त, मीडिया प्रभारी सहित बड़ी संख्या में स्काउटर, गाइडर और स्काउट गाइड उपस्थित रहे

### भविष्य के लिए निर्देश

राज्य प्रशिक्षण आयुक्त ने कोंडागांव संघ में रिक्त पदों पर पदाधिकारी नियुक्त करने, सभी विद्यालयों में दल संचालन को अनिवार्य करने और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में शत–प्रतिशत दल संचालन तथा शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए संपर्क बनाने पर जोर दिया। जिला संघ की मांग पर बेसिक और एडवांस कोर्स आयोजित करने की अनुमति भी प्रदान की गई। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने पुरस्कृत स्काउट गाइड को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षण कार्य में लेखन कौशल विकसित करने, बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए केंद्रित शिक्षा और स्मरण शक्ति पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक स्काउट गाइड को ‘एक पौधा मां के नाम’ लगाने और दूसरों को प्रेरित करने का संदेश दिया।

## ‘एक देश, एक विधान’ के संकल्प को बताया प्रेरणा स्रोत, दीपेश ने किया स्मरण

# अटल सदन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राष्ट्रभक्त एवं अखंड भारत के प्रखर प्रहरी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कोंडागांव द्वारा जिला मुख्यालय स्थित अटल सदन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने पुष्प अर्पित कर डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए अद्वितीय योगदान को स्मरण किया। पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने कहा कि जम्मू–कश्मीर में एक देश, एक विधान और एक निशान का सपना डॉ. मुखर्जी ने देखा था जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार किया गया। उनका बलिदान हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए चिरस्थायी प्रेरणा है। सभा के पश्चात पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।



### कार्यकर्ता रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतू उसेंडी, मनोज जैन, लक्ष्मी ध्रुव, दयाराम पटेल, अश्वनी पांडे, मनीष देवांगन, जितेंद्र सुराना, पोल्टू चौधरी, प्रतोष त्रिपाठी, गामा जायसवाल, बंटी नाग, ललित देवांगन, अमिताभ बोस, विश्वजीत चक्रवर्ती, भरत चक्रधारी, संतोष सिंह, सहदेव साहू, सुमन शुक्ला, सुषमा खोबरागड़े, सती बघेल सहित अन्य पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर हुआ पौधारोपण



धनोरा। धनोरा मंडल में आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के अवसर पर धनोरा मंडल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, साथ ही मां के नाम एक पेड़ लगाने का कार्यक्रम भी किया गया, जिसके तहत महिला क्लस्टर धनोरा में पौधे लगाए गए, सरस्वती शिशु मंदिर में पौधे लगाए गए। इस मौके पर कोंडागांव जिला के महामंत्री आकाश मेहता मंडल के प्रभारी के रूप में उपस्थित रहे, जनपद पंचायत केशकाल की अध्यक्ष नंदनी पोटाई, मंडल के अध्यक्ष संतोष सिन्हा, मंडल की वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व जिला के उपाध्यक्ष श्रवण दीपक, लैंप्स धनोरा के अध्यक्ष सराद्दु समरथ, मंडल के महामंत्री पतिराम मंडावी और मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# केशकाल घाटी में बाइक स्टंट्स के वीडियो वायरल, दो पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



केशकाल घाटी में दो बाइक राइडर्स द्वारा किए गए खतरनाक मोटरसाइकिल स्टंट्स की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वीडियो को राइडर्स द्वारा खुद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट्स पर शेयर किया गया था। इन वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि मोटर बाइकर्स सार्वजनिक स्थानों पर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए जानलेवा स्टंट्स कर रहे हैं। स्थानीय मीडिया से मिली सूचना के आधार पर पुलिस अधिकारी महोदय के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार के आदेशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस टीम सक्रिय हुई।

### बाइक जब्त, कानूनी कार्रवाई शुरू

दोनों बाइक राइडर्स को यातायात शाखा द्वारा चिन्हित कर नियमानुसार थाने बुलाया गया। उनके द्वारा प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है। साथ ही, मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### सोशल मीडिया खंगालकर की गई पहचान

टीम ने वायरल वीडियो और इंस्टाग्राम अकाउंट की बारीकी से जांच की। जांच के दौरान दोनों बाइक राइडर्स की पहचान की गई और यह पाया गया कि दोनों पूर्व में भी इसी प्रकार के स्टंट्स कर चुके हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड भी किया गया है।

### पुलिस की चेतावनी : स्टंट करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के खतरनाक स्टंट्स से न केवल स्वयं की जान जोखिम में पड़ती है, बल्कि आम लोगों की सुरक्षा भी खतरे में आती है। ऐसे किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा जो सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल होगा। पुलिस सोशल मीडिया पर भी सतर्क निगाह रख रही है और भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला कांग्रेस में संगठनात्मक सशक्तिकरण के लिए तीन कार्यकारी अध्यक्षों की नियुक्ति

## नरेंद्र देवांगन, गौतम साहू और संजय करन को सौंपी गई जिम्मेदारी, कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में कांग्रेस का रणनीतिक कदम

कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी में रविवार को संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गईं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बुधराम नेताम ने इस संबंध में एक आधिकारिक पत्र जारी करते हुए शहर और ब्लॉक स्तर पर कार्यकारी अध्यक्षों की घोषणा की।

जारी पत्र के अनुसार, कोंडागांव शहर कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नरेन्द्र देवांगन को नियुक्त किया गया है। वहीं, माकड़ी ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी गौतम साहू को सौंपी गई है। साथ ही, कोंडागांव ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में संजय करन को चुना गया है। यह नियुक्तियां संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं के समन्वय और आगामी राजनीतिक रणनीतियों को प्रभावी ढंग से



क्रियान्वित करने की दृष्टि से की गई हैं। बताया जा रहा है कि यह निर्णय वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं से विचार–विमर्श के बाद सर्वसम्मति से लिया गया।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

नई नियुक्तियों के बाद कोंडागांव जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। कार्यकर्ताओं ने तीनों नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक सक्रिय एवं संगठित होकर कार्य करेगी। वरिष्ठ नेता और पदाधिकारियों ने भी नियुक्त किए गए कार्यकारी अध्यक्षों को बधाई दी और आशा जताई कि वे अपने अनुभव और जनसंपर्क के आधार पर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे।

### स्थानीय स्तर पर मजबूती की तैयारी

कोंडागांव, माकड़ी और आसपास के क्षेत्रें में कांग्रेस पार्टी की पकड़ को और मजबूत करने तथा जनता से सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में यह नियुक्तियां महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। आने वाले समय में इन नेताओं के नेतृत्व में संगठन की गतिविधियां अधिक तेजी से दिखाई देंगी। जिला अध्यक्ष बुधराम नेताम ने मीडिया से बातचीत में कहा, नई टीम के साथ हम क्षेत्रीय मुद्दों पर अधिक संगठित तरीके से काम करेंगे। यह नियुक्तियां पार्टी के पुनर्गठन और मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

### संगठन को मजबूत करने की पहल

कोंडागांव जिला कांग्रेस द्वारा की गई ये नियुक्तियां न केवल संगठन की दृष्टि से बल्कि आगामी चुनावों की तैयारी के लिहाज से भी अहम मानी जा रही हैं। पार्टी ने स्थानीय स्तर पर नेतृत्व को सशक्त कर जमीनी स्तर पर अपनी उपस्थिति और जनसंपर्क को और मजबूत करने का संकेत दिया है।

# इथेनॉल निर्माण के पहले दिन हुई 148 क्विंटल मक्के की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित, कोण्डागांव ने इथेनॉल निर्माण के लिए मक्का खरीदी शुरू कर दी है। शुक्रवार को खरीदी के पहले दिन 148 क्विंटल मक्का खरीदा गया। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों से प्राप्त आवंटन के आधार पर समिति को 25,000 क्विंटल मक्का की आवश्यकता है। जिसकी खरीदी संस्था के अंशधारी किसान सदस्यों से की जा रही है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रु प्रति क्विंटल निर्धारित है। इसके अतिरिक्त, किसानों को विकासखंड के अनुसार प्रोत्साहन राशि भी मिलेगी कोण्डागांव और माकड़ी के लिए 40 रु, फरसगांव के लिए 50 रु और केशकाल व बड़ेराजपुर के लिए 60 रु प्रति क्विंटल। किसानों को समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रति एकड़ अधिकतम 10 क्विंटल मक्का खरीदा जा रहा है। खरीदी सोमवार से शुक्रवार तक ग्राम कोकोड़ी स्थित इथेनॉल प्लांट में होगी। मक्का की खरीदी निर्धारित गुणवत्ता मानकों



के अनुसार ही की जाएगी। जिसमें न्यूनतम 58 स्टार्च, अधिकतम 14 नमी, और अन्य अशुद्धियों के लिए विशिष्ट मानदंड शामिल हैं। अप्रिय गंध या फफूंद युक्त मक्का स्वीकार्य नहीं होगा। मक्का 50 किलोग्राम के बारदानों में लिया जाएगा और भुगतान 7 कार्य दिवसों के भीतर किसानों के बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से किया जाएगा।

### सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मिलेगा टोकन

मक्का बेचने के लिए टोकन वितरण 19 जून 2025 से शुरू हो गया है। टोकन सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जिले के पाँचों विकासखंडों में स्थित 2–2 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों लैम्प्स से प्राप्त किए जा सकते हैं। इनमें कोंडागांव, दहीकोंगा, माकड़ी, अमरावती, फरसगांव, बड़ेडोंगर, केशकाल, धनोरा, बड़ेराजपुर और सलना स्थित लैम्प्स शामिल हैं। टोकन प्राप्त करते समय किसानों को ऋण पुस्तिका, शेयर सर्टिफिकेट या शेयर क्रय की रसीद, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। टोकन में विक्रय की तिथि और मात्र स्पष्ट रूप से अंकित होगी।

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत

# कोंडागांव और माकड़ी में लगे शिविर सैकड़ों ग्रामीण हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत, विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं से जनजातीय परिवारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कोंडागांव जिले के सभी विकासखंडों में क्लस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने आज कोंडागांव विकासखंड के बनियागांव और माकड़ी में आयोजित शिविरों में शिरकत की। बनियागांव शिविर में बनियागांव, दहिकोंगा, बाखरा, राजागांव, सुकुरपाल, जोबा, घोड़ागांव, बनउसरी, माकड़ी, मोहलई, मेड़पाल, करनपुर, हिरामांदला, बोटीकनेरा, बड़े बंजोड़ा, पूसावंड और काकड़गांव के ग्रामीण शामिल हुए। इसी प्रकार, माकड़ी में आयोजित शिविर में बाग बेड़ा, खुडी, मगेदा, भतवा, ओटेंडा, पीढ़ापाल, अरंगुला, जरंडी, माकड़ी, भिरंडा, धारली, जोंधरा, उमरगांव, बेलगांव 2 और उड़ीदगांव के ग्रामीण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर माकड़ी शिविर में जिला पंचायत सदस्य रदमा बघेल व भगवती नेताम, जनपद पंचायत माकड़ी की अध्यक्ष जुगबती पोयाम, उपाध्यक्ष बैसाखू कोर्राम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित

विधायक सुश्री उसेंडी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय मंत्रलय द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर शुरू किया गया यह अभियान केंद्र सरकार की अभिनव पहल है। इसका उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रें में अधोसंरचना विकास के साथ–साथ सभी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर गांवों को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए गांव के विकास को आवश्यक बताया। विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा के देश और समाज के प्रति अविस्मरणीय योगदान को भी याद किया। कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा 14 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 9 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, 6 हितग्राहियों को सब्जी बीज का वितरण किया गया।

## नशामुक्ति अभियान में निकाली गई जन जागरुकता रैली

# रैली निकालकर नशे के दुष्परिणामों को बताकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नशामुक्त भारत पखवाड़ा को साकार करने स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख एवं क्षेत्र के प्रमुख,गायत्री परिवार,स्कूल परिवार, एवं व्यापारीगण एक साथ एक मंच के माध्यम से नशामुक्ति अभियान के तहत नगर में रैली निकाली गई। नशे के दुष्प्रभाव बताकर लोगों को जागरूक किया गया। केंद्र सरकार द्वारा सभी राज्यों में जिला पुलिस के माध्यम से 12 जून से 26 जून तक नशीली दवाओं के दुरुप्रयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ नशामुक्ति अभियान के तहत नशामुक्त भारत पखवाड़ा जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति अभियान के तहत सोमवार को रैली में शामिल होने वाले सभी लोग अस्पताल मैदान में एकत्र होकर शुभारंभ किया। रैली नगर के मुख्य चौक चौराहों से होकर सभी वार्डों में भ्रमण किया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशा के दूर रहने और उसके दुष्परिणामों को बताकर जागरूक किया गया।




### ये रहे मौजूद

इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष मानकुराम नेताम, उपाध्यक्ष जदुराम नाग, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, थाना प्रभारी संजय शिंदे, पार्षद शैल सेठिया, राजकुमारी नेताम, संगीता राव, नरेंद्र गौर , टीआई संजय सिंदे, प्रवीर सिंह बदेशा, तरुण साना, प्रवीण राव, गायत्री परिवार के सदस्य, अन्य सामजिक संगठन, स्वास्थ्य विभाग कर कर्मचारी, सीजी मास्टर के कुमार, लकेश सेठिया और मोहित सिंग, कामेश्वर साहू, गणेश दुग्गा, संगीता पुजारी सभी स्कूली बच्चों समेत बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

### नशे से दूर रहने जनमानस को दिया संदेशः एसडीओपी

फरसगांव एसडीओपी अभिनव उपाध्याय ने रैली के दौरान कहा, नशा समाज को भीतर से कमजोर करता है। युवा पीढ़ी को गुमराह कर देता है। एक नशामुक्त समाज ही एक स्वस्थ, सशक्त और उन्नत राष्ट्र की नींव रख सकता है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से अपील की कि वे नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। रैली का समापन नागरिकों के सहयोग और नशामुक्ति के संकल्प के साथ हुआ। वैसे यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम मानी जा रही है। नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरुकता फैलाने का संकल्प लेते हुए जनमानस को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इन रैलियों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकना। जनसामान्य को स्वच्छ, स्वस्थ और नशामुक्त जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है।

## पेज 9 के शेष

### खेती किसानी सीजन ....

और उंचे कद काठी का एक लाख से डेढ़ लाख तक बेचने की बात कही। वैसे अन्य बाजार की तरह यहां भी बिचौलिए सौदा करने में भारी सक्रिय दिखे। जो बेचने वाले और खरीदने वाले के बीच दाम को लेकर सौदा में लगे थे। बताया गया कि बिचौलियों को दोनो तरफ से कमीशन मिल जाता है जो बड़ी रकम होती है। बाजार के मुख्य मार्ग पर एक कच्चे दुकान जैसी जगह में रसीद बुक लेकर कुछ लोग बैठे हुए थे। उनके बारे में गांव के लोगों ने बताया कि पशु बाजार का हर साल ठेका होता है। पंचायत को इसमें अच्छी खासी आमदनी हो जाती है। खरीदने और बेचने वाले से हर बाजार में रसीद काट कर 50 हजार से एक लाख तक की कमाई होता बताया गया।

### वन भूमि की जोताई ....

सुरक्षा श्रमिकों का सहयोग रहा। इन्द्रजीत सोरी वनरक्षक द्वारा दोनों ट्रैक्टर चालको के विरूध्द भारतीय वन अधिनियम 1927 के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर ट्रेक्टर को जप्त कर परिक्षेत्र कार्यालय बस्तर लाया गया। 2 ट्रैक्टर पर राजसात कार्रवाई की जा रही हैं।

### पशु बाजार में ...

नहीं की जाएगी। यदि 15 दिनों के भीतर हमारी मांगें नहीं मानी गईं, तो बजरंग दल उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

ये रहे मौजूद : इस दौरान विभाग सेवा प्रमुख, अनिल अग्रवाल,जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता,विभाग संयोजक सिकंदर कश्यप,जिला संयोजक मुन्ना कोरी,विहिप जिला गौ संवर्धन प्रमुख विष्णु ठाकुर,नगर संयोजक भवानी सिंह चौहान, नगर गौ रक्षा प्रमुख रवि नेताम,नगर सुरक्षा प्रमुख शुभम ठाकुर, नगर साप्ताहिक मिलन प्रमुख सनी रैली,नगर सत्संग प्रमुख सुंदर कश्यप सहित बकावंड, नगरनार,नानगुर,बस्तर, लौंहडीगुडा प्रखंडों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आत्मनिर्भर भारत....

को नई दृष्टि प्रदान की। महान व्यक्तित्व मुखर्जी के समर्पण एवं उच्च आदर्श आज भी सभी के लिए प्रेरणा का प्रकाशस्तंभ हैं। भाजपा की सरकार उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण हेतु दृढ़संकल्पित हैं।

ये रहे उपस्थित : इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नरसिंग ठाकुर, उपाध्यक्ष नरेश खापर्डे, रुकमणी बघेल,महामंत्री सावेंद्र सेठिया, चंद्रशेखर ठाकुर,मंत्री निरबती भारद्वाज,मिडिया प्रभारी भरत कश्यप,किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष तुलूराम कश्यप,सुदरू सेठिया,भागीरथ यादव, निरंजन बघेल,सरपंच बड़े परोदा जगदीश कश्यप,सरपंच धूरागांव गुड्डू कश्यप,दसरू बघेल,अजय बघेल,रामप्रसाद कुठारे,लच्छिन्द कश्यप, गुन्नू ठाकुर,धनसिंग ठाकुर उपस्थित रहे।

### कलयुग में आसुरी....

सुप्रिया श्रीवास्तव, शारदा पटेल, मीना माथुर, राजीव निगम, उत्तम शर्मा, निशा डडसेना सहित जगदलपुर उपजोन के बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए थे।

## खबर संक्षेप

### दुकानों में कार्यवाही करते 11500 रूपए जुर्माना वसूला

**बीजापुर।** जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड मुख्यालय भोपालपट्टनम के खाद्य प्रतिष्ठानों में गुणवत्ता की जांच एवं सफाई के निरीक्षण के लिए एक संयुक्त टीम गठित किया गया, जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, थाना प्रभारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शामिल रहे। टीम के द्वारा शहर के मिठाई दुकानों, होटल, ढाबा, मटन चिकन शॉप में साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। अत्यधिक खाद्य रंग के प्रयोग वाले खाद्य पदार्थों का सर्वेलेंस सैम्पल लिया गया। ढाबों में साफ सफाई में कमी पाए जाने पर एवं वेज नॉनवेज खाद्य पदार्थों को एक साथ एक ही फ्रिज में रखें हुए पाए जाने पर टीम द्वारा मोना ढाबा से 1500, शिव राजन ढाबा से 2000, इंद्रावती हाईवे ढाबा से 1500, रामबाबू चिकन सेंटर से 500, शिव चिकन सेंटर से 500, टी. सत्यनारायण होटल से 1000, अंश फास्ट फूड से 1000, बिस्मिल्लाह चिकन सेंटर से 1000, केजीएन नाश्ता सेंटर से 500, साहू समोसा जलेबी भंडार से 500, कन्हैया बीकानेर से 1000 एवं साजिद सिद्दिकी से 500 कुल 11,500 रूपये का जुर्माना लगाया गया। मटन एवं चिकन शॉप में साफ सफाई के लिए टीम द्वारा निर्देशित किया गया।

### जन जागरूकता व संतृप्ति शिविर का हुआ आयोजन

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे- आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान योजना, मातृ वंदन योजना, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन, जनधन खाता बीमा योजना इत्यादि से आदिवासी हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने हेतु 30 जून तक ग्राम पंचायत स्तर पर जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिसके तारतम्य में विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत बड़े बचेली, एवं विकासखंड कुआकोंडा के ग्राम समेली में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान जन जागरूकता एवं संतृप्ति शिविर का हुआ आयोजन संपन्न हुआ।

## अतिथियों ने नवप्रवेशी नन्हे बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने कटिबद्ध है सरकार: अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

### 22 छात्राओं को साइकिल वितरित किया







राज्य सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कटिबद्ध है। इस दिशा में स्कूलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं सहित शिक्षक की पदस्थापना कर पढ़ाई के लिये सभी सुविधाएं मुहैया करा रही है। इसके अलावा एक शिक्षा का विकास सर्वांगीण होगा। यह बात स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने दंतेवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा।

इस अवसर पर विधायक अटामी, जिला

- 10वीं और 12वीं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें स्कूल बस्ता, पाठ्यपुस्तकें आदि प्रदान किया।

इस मौके पर विधायक ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। जिस तरह किसान मानसून आने की प्रतीक्षा करते है उसी प्रकार मानसून के ही सीजन में स्कूली बच्चों का प्रवेशोत्सव होता है और इसी कड़ी में हम सब आज बड़े ही आनंद और खुशी के साथ इस शाला प्रवेशोत्सव में उपस्थित हुए है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे नवाचारों को आरंभ किए जा रहे, जिससे बच्चों की पढ़ाई बेहद रोचक हो जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने दंतेवाड़ा जिले के छू-लो आसमान संस्था एवं स्वामी आत्मानंद स्कूलों में पढ़ाई करते हुए हमारे बच्चों ने अच्छे अंक से जिले में टॉप किए है और जिले के नाम के साथ प्रदेश का नाम भी रोशन किए है। राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित करते हुए सरकार की विशेष पहल और उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। दंतेवाड़ा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों के लिये जिला प्रशासन के प्रयासों को सराहते कहा कि दन्तेवाड़ा जिला व्यक्तित्व निर्माण के लिये अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। यही कारण है कि अब यहां के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर बनने के लिये पढ़ाई कर रहे हैं। वहीं यूपीएससी, राज्य लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में भी सफलता हासिल कर रहे हैं।

जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जिले के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जो बच्चे अपेक्षित अंक नहीं ला सके हैं, वे निराश न हों, बल्कि इसे एक सीख के रूप में लेकर और अधिक मन लगाकर अध्ययन करें। निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व, सोच और समाज में योगदान देने की क्षमता को भी निखारती है।

अतः सभी बच्चों को अपने अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने और उसे निखारने की दिशा में लगातार प्रयास करते रहना चाहिए। दंतेवाड़ा के बच्चे नीट और जेईई तथा जेईई एडवांस की परीक्षा क्वालीफाई कर देश के मेडिकल कॉलेज और उच्च प्रौद्योगिकी संस्थान में पढ़ाई कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। इस दौरान अतिथियों ने 10वीं और 12वीं अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को सम्मान भी किए और सरस्वती सायकल योजना के तहत 22 छात्रों को साइकिल भी वितरित किए गए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एसके अम्बस्ट, डीएमसी हरीश गौतम सहित अन्य अधिकारीगण, स्कूली शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों के माता-पिता, अभिभावकों के साथ ही बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## विधायक ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण...



**गीदम।** दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी अपने गृहग्राम ग्राम पंचायत कासोली पहुंचकर मड़ियापारा में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, सरपंच शैलेश अटामी, मंडल अध्यक्ष सुदराम भास्कर, पंच सामनाथ अटामी, रामा अटामी, भगत अटामी, प्रज्ञा मंडली के शिवराम अटामी, जगबंधु अटामी, कलाराम लैस नेताम, रविन्द्र सोनी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने किया शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



कलेक्टर संबित मिश्रा ने नए शैक्षणिक सत्र में शिक्षण व्यवस्था का सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

शासकीय पॉलिटेक्नीक कॉलेज एवं आईटीआई संस्थान में भवन की स्थिति सहित लैब एवं अन्य उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। नए सत्र एवं वर्तमान सत्र में प्रवेशित सीटों की जानकारी ली। वहीं एजुकेशन सिटी में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में दर्ज बच्चे, उपलब्ध सीटों का अवलोकन करते हुए सभी रिक्त सीटों में प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज के अस्थाई रूप से संचालन हेतु भवन का भी चयन किया गया।

वहीं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर में एस्ट्रोनामी लैब का अवलोकन कर संबंधित शिक्षकों को लैब के माध्यम से बच्चों को खगोलीय घटना सहित विज्ञान के बारे में लैब में उपलब्ध उपकरणों का समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए। इस दौरान विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा लैब के विभिन्न उपकरणों का प्रयोग करते हुए, खगोलीय घटना, उल्का पिंड, घुमकेतु, चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण सहित ग्रहों के आरोही, अवरोही क्रम, उनके द्रव्यमान ग्रहों की वस्तु स्थिति, टेलिस्कोप के माध्यम से ग्रहों को देखने सैटेलाईट, ज्वालामुखी, भूकंप, ऋतु परिवर्तन सहित विभिन्न खगोलीय घटनाओं के बारे में जानकारी दी कि किस प्रकार से बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित कर सकते हैं। वहीं मानव शरीर के विभिन्न अंगो के कार्य एवं हार्मोन्स के बारे में बताया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने शिक्षकों को समझाइस देते हुए कहा कि स्वयं प्रयोग करें एवं विषय वस्तु का पर्याप्त अभ्यास कर लैब में बच्चों को गतिविधियां कराए और उनके शंकाओं का समाधान करें ताकि बच्चे खेल-खेल में रूचि लेते हुऐ विज्ञान को सुगमतापूर्वक समझ सके। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार एवं जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया उपस्थित थे।

# निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा ज़िले में पंचायत चुनाव संपन्न हुए छह माह से भी अधिक समय हो गया है। लेकिन अब तक ज़िला प्रशासन से किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य की स्वीकृति नहीं मिलने से सरपंच संघ में निराशा है। इस मामले को लेकर सोमवार को गीदम ब्लॉक के सरपंच संघ ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। दंतेवाड़ा कलेक्टर से मिलने के बाद उत्साहित सरपंच संघ व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने बताया कि कलेक्टर स्वयं धरातल पर उतरकर काम करने की बात कही है। सरपंच संघ ने बताया कि कलेक्टर ने शीघ्र ही निर्माण कार्य का स्वीकृति देने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान सरपंच संघ से नंदू सोढ़ी, रवि कश्यप, महादेव नेताम, बीजूराम कश्यप, अर्जुन मुरामी, राजेश वट्टी, मोहन वेक, रतिराम भास्कर, मनोज कोराम, मोहन कश्यप, टिंगरू राम सहित सरपंच संघ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# राज्य मुख्य आयुक्त ने 20 लोगों को दिए प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



भारत स्काउट एवं गाईड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने 21 जून को बीजापुर में स्काऊट/गाईड गतिविधियों की वार्षिक समीक्षा बैठक ली। तीन दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान डॉ. सोमनाथ यादव ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले भर से आए स्काऊट गाईड से विस्तृत चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। राज्य मुख्य आयुक्त के आगमन के पश्चात एक पेड़ मां के नाम पर आधारित वृक्षारोपण जिला पंचायत के सामने उद्यान में कराया गया।

इस अवसर पर डॉ. सोमनाथ यादव के साथ सहा. राज्य मुख्य आयुक्त स्काऊट अब्दुल वाजिद खान, एलटी एस एल शोरी, जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया एवं कन्या शिक्षा परिसर की प्राचार्य सुश्री नीता सुरटी एवं अन्य विद्यालयों में से आये शिक्षक उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के बाद एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें जिले से पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण पचमढ़ी में भाग लेने वाले स्काऊट/गाईड रोवर रेंजर कुल 20 लोगों को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में स्काउट गाईड द्वारा किये जा रहे कार्य स्वच्छता पखवाड़ा, सड़क सुरक्षा यातायात नियंत्रण सेवा, साक्षरता जागरूकता, मतदाता जागरूकता, मतदान मित्र, प्याऊ घर, वृक्षारोपण कार्यक्रम सहित विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

इन सभी गतिविधियों की राज्य मुख्य आयुक्त महोदय द्वारा सराहनीय की गई। उन्होने कहा कि इतने सुदूर इलाके में भी बच्चे स्काऊट गाईड के माध्यम से ऐसी गतिविधियों में भाग ले रहे हैं ये सराहनी है। राज्य मुख्य आयुक्त ने कहा कि जिले में संचालित सभी स्कूल चाहे वे शासकीय हो यो अशासकीय हो सभी में शत्प्रतिशत पंजियन कराना अनिवार्य है। स्काउटिंग जीवन जीने की कला है, इसे सभी को सीखने चाहिए। पंजीयन उपरान्त दल संचालन करने के लिए शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण हेतु बीजापुर जिले में बेसिक प्रशिक्षण कराने की अनुमति भी प्रदान की गई।

बैठक का संचालन संतोषी कावरे द्वारा किया गया। बैठक में जिला संगठन आयुक्त नरवेद सिंह, सचिव गोविंद नाग, जिला प्रशिक्षण आयुक्त रामलाल नाग, जिला मीडिया प्रभारी शिवशन ध्रुव, गाईड कैम्टन आभा राय, सुश्री हसीना बेगम, सुश्री लक्ष्मी ठाकुर, ईश्वरी वासम, अंबिका बघेल, सुनिता लेकाम, प्राचार्य, बेनीराम नेताम, पीटीआई छोटेलाल गजभिये, वर्मा सर एवं स्काउट एवं गाईड उपस्थित थे।

### अपर कलेक्टर ने किया ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



**सुकमा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी गजेंद्र ठाकुर के द्वारा सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टरेट परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को देखा। उन्होंने स्ट्रांग रूम एवं ईवीएम वेयरहाउस की ड्यूटी में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर निर्वाचन पर्यवेक्षक केवल नाग और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। वहीं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी से धनीराम बारसे, हुंगाराम मरकाम, रमाकांत नायक, इंडियन नेशनल कांग्रेस से राजेश नारा, बहुजन समाज पार्टी से सोलोमन गोंडा, छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) से पी प्रसाद राजू उपस्थित रहे।

# फुड सेफ्टी कार्यक्रम अंतर्गत मध्यान्ह भोजन रसोइयों को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

विकासखंड भोपालपटनम में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण एफएसएसएआई एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मध्य हुए एमओयू के तहत स्वीकृत कार्ययोजना अनुसार मध्यान्ह भोजन के तहत खाना बनाने एवं परोसने में संलग्न रसोईयों, कर्मचारियों का फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एडं सर्टीफिकेशन के तहत खाद्यान्न सुरक्षा अंतर्गत मध्याह्न भोजन रसोइयों एवं प्रभारी शिक्षकों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद स्कूल भोपालपटनम में आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में शाला को फूड सेफ्टी प्रमाण पत्र प्राप्त करने, रसोईयों का खाद्य विभाग में पंजीयन एवं भोजन बनाते समय ली जाने वाली सावधानियों, साफ–सफाई किए जाने तथा भौतिक, रासायनिक आदि कारणों से होने वाले नुकसान एवं उसके बचाव के बारे में बताया गया। भोजन बनाते समय खाद्य पदार्थों की साफ-सफाई तथा बनाने के तरीके आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भोपालपटनम ने निरीक्षण कर रसोइयों को मध्याह्न भोजन बनाते समय स्वच्छता का ध्यान रखने की समझाइश दी गई। प्रशिक्षण में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एटला, सीएसी, शिक्षक एवं मध्याह्न भोजन ऑपरेटर गोमास माधव उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य केंद्रों में योग दिवस के अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम ब्लॉक अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गीदम, मातृ एवं शिशु अस्पताल गीदम व गीदम ब्लॉक के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में योग दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सीएचओ श्रद्धा यादव, सरिता पुजारी, और आर एमए अतीक अंसारी ने भाग लिया।

इस आयोजन में बीपी, शुगर, और थायराइड के संतुलन को बनाए रखने के लिए योग के महत्व पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि योग नियमित रूप से करने से इन स्वास्थ्य समस्याओं को नियंत्रित किया जा सकता है और स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिल सकती है। खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गीदम डॉक्टर गौतम कुमार ने बताया कि योग के माध्यम से बीपी, शुगर, और थायराइड को नियंत्रित करने के तरीके सिखाए गए। नियमित योग अभ्यास के महत्व पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और योग के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# ब्लॉकों के रसोइयों व प्रभारी शिक्षकों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के आदेशानुसार बीजापुर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में जिले के सभी 4 विकासखण्डों बीजापुर, भैरमगढ़, उसूर तथा भोपालपट्टनम में प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोईयों एवं मध्यान्ह भोजन के प्रबंधन में लगे प्रभारी शिक्षकों हेतु फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन का आयोजन किया गया। मध्याह्न भोजन योजना, भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अन्तर्गत पूरे देश प्रदेश के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शालेय बच्चों को साफ, स्वच्छ तथा स्वास्थ्यवर्द्धक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एफएसएसएआई के तत्वाधान में इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।

इस प्रशिक्षण में खाद्य सुरक्षा और मानकों के बारे में जागरूकता बढ़ाते हुए खाना बनाने के लिए कच्ची सामग्री के क्रय, रखरखाव, भण्डारण, उपयोग करने के पूर्व एक्सपायरी तिथि की जांच, खाना बनाने के पूर्व एवं खाना बनाते समय व परोसते समय बरती जाने वाली सामान्य सावधानियों, ऐसी आदतें जो खाद्य सुरक्षा में जोखिम पैदा करते हैं। तथा खाद्य जनित बीमारियों के जोखिम को कम करने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिससे छात्रों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ खाद्य वातावरण सुनिश्चित होगा। प्रशिक्षण में बीजापुर जिले के चारों विकासखण्डों के लगभग 400 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण का लाभ लिया। यह प्रशिक्षण खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा शिक्षा विभाग के समन्वय से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रशिक्षुओं को एफएसएसएआई के माध्यम से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जावेगा।

## शपथ पत्र

मैं राधेश्याम भारद्वाज उम्र 38 वर्ष पिता शिवनाथ भारद्वाज, निवासी 188, नजदीक दंती टाल, पथरागुड़ा, वीर सावरकर वार्ड क्र. 5 जगदलपुर, जिला बस्तर छत्तीसगढ़ 494001 शपथ पूर्वक निम्न कथन व्यक्त करता हूं-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि ड्रायविंग लाईसेंस में मेरा नाम Radheshyam Bhardawaz S/o. Shiv Nath Bhardwaz, R/o. Bhairamdev Ward, Jagdalpur Dist. Bastar C.G. अंकित है। जिसका ड्रायविंग लाईसेंस नंबर CG1720040001656 है। उक्त ड्रायविंग लाईसेंस में कुछ त्रुटियां है।
3. यह कि आधार कार्ड में मेरा नाम Radheshyam Bhardwaj S/o. Shivnath Bhardwaj, R/o. 188, Near Danti Tal, Pathraguda, Veer Savarkar Ward No. 5, Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) अंकित है जिसका आधार नंबर 7583 2958 1796 है।
4. यह कि मैं अपने ड्रायविंग लाईसेंस में अंकित नाम Radheshyam Bhardawaz S/o. Shiv Nath Bhardwaz, R/o. Bhairamdev Ward, Jagdalpur Dist. Bastar C.G. के स्थान पर Radheshyam Bhardwaj S/o. Shivnath Bhardwaj, R/o. 188, Near Danti Tal, Pathraguda, Veer Sawarkar Ward No. 5, Jagdalpur Dist. Bastar (C.G.) दर्ज करवाना चाहता हूं। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार, दंतेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202408160100001 /अ-21 (5) /2023-24

ग्राम- आंवराभाटा

## // ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक (1) अरविन्द सुराना पिता ताराचंद सुराना उम्र 50 वर्ष, (2) आशुतोष सुराना पिता ताराचंद सुराना उम्र 48 वर्ष दोनों का जाति जैन निवासी गीदम तहसील गीदम जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग. के द्वारा ग्राम आंवराभाटा, प.ह.न. 14 में स्थित भूमिस्वामी हक के खाते की भूमि खसरा नंबर 27/9 रकबा 0.3020 हे. मे से रकबा 0.051 हे. को क्रेता चेतना जैन पति राजेन्द्र जैन उम्र 44 वर्ष जाति जैन निवासी सुकमा तहसील सुकमा जिला सुकमा, छ.ग. को भूमि विक्रय करने की अनुमति प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा या आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 27/06/2025 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा या आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पदमुद्रा से आज दिनांक 16/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार,
दंतेवाड़ा,

## खबर संक्षेप

### चांदनी चौक से शराब दुकान हटाने होगा प्रदर्शन



**जगदलपुर।** शहर के चांदनी चौक क्षेत्र में स्थित शराब दुकान को लेकर पब्लिक वॉइस के सदस्य ब्रेवरेज अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी से मिलकर इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे और दुकान को हटाने की मांग करेंगे। पब्लिक वॉइस के रोहित सिंह आर्य ने बताया कि इस दुकान को हटाने की मांग लंबे समय से हो रही है। गौरतलब है कि दुकान के समीप विद्यालय, अस्पताल और धार्मिक स्थल हैं। महिलाओं को इस रास्ते से गुजरने में काफी असहजता महसूस होती है।

### सिद्धांत दिगंबर जैन युवा मंडल के अध्यक्ष चुने गए



**जगदलपुर।** दिगम्बर जैन युवा संगठन के संपन्न हुए द्विवार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से सिद्धांत जैन सन्नी अध्यक्ष एवं पारस जैन सचिव चुने गए हैं। अन्य चयनित पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष स्वप्निल जैन एवं प्रयुक्त जैन, सहसचिव श्रेयांस जैन,सांस्कृतिक सचिव राहुल, मानस ,समग्र, सक्षम, वंश जैन, कोषाध्यक्ष हर्षित जैन,सहकोषाध्यक्ष यश जैन ,मीडिया प्रभारी मयंक जैन, सम्यक जैन, आदि जैन,क्रीड़ा प्रभारी यश जैन गोलू, एवं अक्षत जैन। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन सचिव संजय जैन ने चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धांत जैन ने कहा कि वे अपने सामाजिक दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निवर्हन करते हुए समाज की कार्यकारिणी से बेहतर तालमेल बनाकर अपने कर्त्तव्यों का निष्पादन करेंगे। साथ ही सभी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के प्रति तन,मन,धन से सेवाएं देते रहेंगे।

# 56 गांव के सैकड़ों ग्रामीण हुए शामिल, निमार्ण कार्य को रोक लगाने बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले के बारसूर सातधार में बनने वाली बहुउद्देशीय बोधघाट विद्युत व सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्य को रोकने के लिए रविवार को बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा बस्तर, कोंडागांव, बीजापुर सहित नारायणपुर के 56 गांव के ग्रामीण परिचर्चा के लिए बैठक बुलाया जिसमें सैकड़ो की संख्या में पहुँचे। और बोधघाट परियोजना संघर्ष समिति की अगुवाई में इन गांव के पंच सरपंचों व ग्रामीणों ने निर्माण कार्य को कैसे और किस प्रकार से रोकने लगाने की एक रणनीति भी बनाई, और शासन - प्रशासन से मीडिया के माध्यम से रोक की गुहार लगाई है। संघर्ष समिति के युवा अध्यक्ष शिव कुमार मडावी का कहना है कि 43 से 44 साल बाद बीजेपी के केंद्र और राज्य सरकार फिर परियोजना को शुरू का बात कह रही है लेकिन इसको निर्माण करने का कोई औचित्य नहीं ह। 20 से भी अधिक ग्राम पंचायतों के 56 गांव प्रभावित हो रहे हैं। उन गांव की जमीन बेहद उपजाऊ है, समिति के अध्यक्ष ने देवी देवताओं के नाराज होने की बात भी कही साथ ही हम इसी जंगल में कंद-मूल , महुआ टोरा फूटु जैसी सब्जियां व औषधियां प्राप्त कर अपनी जीवन चलाते हैं। इसीलिए हम कहते हैं कि अपनी जान देंगे लेकिन बोधघाट परियोजना के लिए जल जंगल ज़मीन नहीं देने की बात कही।

## बोधघाट परियोजना के निर्माण को लेकर ग्रामीणों की बैठक

### परियोजना में बर्बाद हो जाएंगे हम

पूर्व संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुकमन कश्यप ने कहा कि 40 साल पहले भी 1979 में केंद्र में बैठी कांग्रेस सरकार द्वारा बोधघाट परियोजना शुरू करने की कोशिश की गई थी। लेकिन तब भी ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था और आज भी प्रदेश में बीजेपी सरकार बनी है, ऐसे में ग्रामीण नहीं चाहते हैं कि फिर से बोधघाट परियोजना का काम शुरू हो। ग्रामीणों का कहना है कि इस परियोजना के शुरू होने से उनका जल, जंगल, जमीन सब कुछ खत्म हो जाएगी। साथ ही पुरखों के जमीन और घर इस परियोजना में बर्बाद हो जाएंगे।



### बनने नहीं देंगे

ग्रामीणों ने आज के बैठक में बोधघाट परियोजना का पुरजोर विरोध किया है, बोधघाट परियोजना संघर्ष समिति व ग्रामीणों का साथ खुले तौर पर सर्व आदिवासी समाज से जुड़े सलाहकारों ने भी अपना समर्थन दिया है। साथ ही अगर वर्तमान बीजेपी सरकार नहीं मानेगी तो राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम पर सभी अलग- अलग जिला के कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। और किसी भी हालत में बोधघाट परियोजना बनने नहीं देंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन मूल्यों को आत्मसात करें कार्यकर्ता : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कार्यालय में आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कार्यकतार्ओं से डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताये मार्ग पर चलने व उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने कहा।

डा. मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। अपने संबोधन में मुख्य वक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कहा कि आज का दिन भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनाती है। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा देश सहित कई राज्यों में सत्तासीन है। जो हमारे महापुरुषों की तपस्या व बलिदान के कारण ही संभव हो पाया है। डा. मुखर्जी के आदर्शों को अपना कर उनके विचारों को साकार रूप प्रदान करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। प्रत्येक कार्यकर्ता उनके आदर्शों पर चल कर कार्य करे।

जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने भी संबोधन दिया व डा. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन रजनीश पाणिग्रही ने व आभार प्रदर्शन योगेन्द्र पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में विद्या शरण तिवारी, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, सफीरा साहू, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, अविनाश श्रीवास्तव, शशिनाथ पाठक,संजय चंद्राकर,अतुल सिम्हा, सुधा मिश्रा,लक्ष्मी कश्यप, बृजेश शर्मा,रंजीत पाण्डेय, निर्मल पाणिग्रही, दिगम्बर राव, बृजेश भदौरिया, विक्रम सिंह यादव, राणा घोष, संतोष बाजपेयी, सूर्य भूषण सिंह,अविनाश सिंह,अभय दीक्षित,दिलीप झा, राजपाल कसेर, हरीश पारेख, रोहित त्रिवेदी,श्रीपाल जैन, रूपेश जैन, रौशन झा, संतोष गौर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राष्ट्र हित हित में कार्य करने का ले संकल्प

सांसद महेश कश्यप ने कहा कि भाजपा को निरंतर आगे बढाने में संगठन को दिशा प्रदान करने वाले हमारे पुरोधाओं का ही समर्पण है। राष्ट्र हित व जन हित में सतत कार्य करने का संकल्प ले और संगठन को सशक्त बनाने के लिये कार्य करे।

# विधायक गोयल ने तोकापाल में पुण्यतिथि पर दी श्रद्धाजंलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को भाजपाईयों ने ब्लाक मुख्यालय तोकापाल स्थित भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धाजंलि दी।

इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रहित में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत माता के सपूत, प्रखर राष्ट्रवादी नेता एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश, एक विधान, एक प्रधान के सिद्धांत को लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता रहेगा। इस कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के अलावा जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, सुश्री पदमनी कश्यप, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष बघेल, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप, मण्डल महामंत्री मिटकु राम बघेल, मेघराज ठाकुर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य डिकेश नाग, दीनदयाल मौर्य, मुन्ना कश्यप, जीवनाथ मौर्य, सुभाष कश्यप, जलन कश्यप, सोनाधर कश्यप, श्रीमती सोनमती घोष, वन्दना ध्रुव, रयमती कश्यप, बलराम कश्यप, नियान्शु सिंह, एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## छोटे आमाबाल स्कूल में 2 शिक्षक पदस्थ...



**बस्तर।** प्राथमिक शाला छोटे आमाबाल अब शिक्षक विहीन स्कूल नही रहा यहां युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत एक महिला शिक्षक पदमा ठाकुर की नियुक्ति की गई है वही चेतेंद्र कश्यप भी कार्यरत है ।इस प्रकार 2 शिक्षक कार्यरत है ।बताया गया कि शाला की दर्ज संख्या 85 है।

# प्राकट्य दिवस पर भजन-कीर्तन एवं हनुमान चालीसा पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गोवर्धन मठ पूरी पीठ के पीठाधीश्वर श्रीमज्ज जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्लानंद सरस्वती जी का 83वां प्राकट्य दिवस पीठ परिषद , आदित्यवाहनी - आनंदवाहिनी के कर्मकर्ताओं ने भजन-कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ,पूजा के साथ बड़े धूमधाम के साथ मनाया। पूजा पश्चात आरती और अन्न भोग प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए।

पनारापारा लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार पूर्वान्ह 11 बजे पंडित चन्दन तिवारी के वैदिक मंत्रोच्चार पंडित अभय दिक्षित के विधि-विधान के साथ पूजा, नैवेद्य और महाआरती किया गया। आदित्य वाहिनी आनंद वाहिनी के द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर में मनाया गया पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद जी सरस्वती का प्राकट्य उत्सव।

इस दौरान लक्ष्मीनारायण मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित किशोर तिवारी, नगर निगम के जल प्रदाय समिति के सभापति सुरेश गुप्ता, योगेश शुक्ला, संतोष बाजपेई, राकेश साहू, किरण शुक्ला शिव मिश्रा,सुर्य भुषण सिंह, अलका सेंगर बिभा सेंगर,वन्दना राठौर,प्रीती गुप्ता, पुनम जायसवाल, बबली शुक्ला, दमयंती देवागन सहित अन्य शामिल हुए।

# पति से हुए विवाद के बाद गर्भवती महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पुलिस कर रही मामले की जांच, विवाद की सूचना पर तहसीलदार पहुंचे मेकाज

पति से हुए विवाद के बाद पत्नी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला परपा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरेंगा का बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस व तहसीलदार ने मौके पर पहुंचे और मामले की जांच कर रहे है। ,

जानकारी के मुताबिक गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या जिसकी साल भर पहले शादी हुई थी। पति के साथ हुए विवाद के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद परपा पुलिस की टीम व तहसीलदार मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे है।

मामले की जानकारी देते हुए परपा पुलिस ने बताया कि कुरेंगा निवासी चेतन राजमिस्त्री का काम करता है तथा पहले से शादी शुदा था। चेतन ने सालभर पहले करंजी की पार्वती से विवाह भी कर लिया जिसके बाद परिजनों ने इस बात को लेकर काफी समझाइश भी दिया लेकिन उसके बाद भी दोनों एक दूसरे के साथ रहने की बात कही जिसके बाद परिजनों ने चेतन व उसकी दूसरी पत्नी को अलग कर दिया था। इस दौरान पता चला कि महिला चार माह की गर्भवती भी है। सोमवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिसके बाद महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही दोनों पक्ष घर आ पहुँचे जिसके बाद महिला के शव को मेकाज लाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस व तहसीलदार द्वारा मेडिकल कॉलेज डिमरापाल पहुंचकर महिला के ससुराल व मायके पक्ष का बयान दर्ज किया और शव को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर परपा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सर्व विश्वकर्मा युवक- युवती परिचय सम्मेलन अगस्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ, छत्तीसगढ़ के प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन दुलार विश्वकर्मा धर्मशाला रायपुर में 22 जून को आयोजित की गई ।इस प्रदेश स्तरीय बैठक में पिछले वर्ष आय व्यय प्रस्तुत किया गया इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में नारी शक्ति को सशक्त बनाने हेतु महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है ।इस प्रदेश स्त्रीय बैठक में आगामी अगस्त माह में युवक युवती परिचय सम्मेलन को करने का निर्णय भी किया गया है जो अगस्त के अंतिम सप्ताह में होगा समाज ने ऐसे माता-पिता को जो अपने बच्चों की शादी हेतु सुयोग्य वर वधु की तलाश में है उनको एक बेहतरीन प्लेटफार्म देने का प्रयास कर रहा है इसका लाभ सभी विश्वकर्मा वंशी परिवारों को मिलेगा। बैठक में लोह शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पार्षद श्वेता विश्वकर्मा उपस्थित रही। प्रफुल्ल ने कहा कि राज्य सरकार समाज के उत्थान हेतु दृढ़ संकल्पित है और समाज को राज्य सरकार से मिलने वाली सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का शत प्रतिशत प्रयास करेंगे।

# सप्ताह भर से लापता युवक का शव नदी में मिला

**जगदलपुर।** सप्ताह भर पूर्व से घर से लापता युवक का शव नदी मैं तैरते मिला जिसकी शिनाख्त 30 वर्षीय युवक छबिलाल जिराम के रूप में की गई है। शव के नदी में तैरने की सूचना पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगरूकचोरा निवासी छबिलाल जिराम लगभग सप्ताह भर पहले से लापता था जिसकी तलाश परिजनों द्वारा की जा रही थी। इसी बीच रविवार को एक शव के इन्द्रावती नदी में तैरने की जानकारी पुलिस को मिली जिसकी सूचना एसडीआरएफ की टीम को दी गई। जिसके बाद टीम ने बहते हुए शव को मोटरबोट की मदद से नदी के बहाव के बीच से बाहर निकाला। इस बीच कुदालगांव के करीब इन्द्रावती नदी में शव मिलने की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। मृतक के कपड़े व कमर के रस्सी से उसकी शिनाख्त की गई। कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच की जा रही है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि पिछले कुछ वर्ष से मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी इससे पूर्व भी वह घर से चला जाता था और एक दो दिन के बाद वापस आ जाता था लेकिन सप्ताह भर बाद भी नहीं लौटने पर उसकी तलाश कर रहे थे।

# पंक्ति बेदरकर बनीं किड्स सेंट्रल इंडिया की विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की होनहार बेटी पंक्ति बेदरकर ने फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में बस्तर का नाम रोशन कर दिया है। ट्रिप्स प्रोडक्शन के तत्वावधान में आयोजित सेंट्रल इंडिया फैशन मॉडल कॉन्टेस्ट सीजन 3 के किड्स कैटेगरी में पंक्ति ने बस्तर का प्रतिनिधित्व करते हुए किड्स सेंट्रल इंडिया 2025 का खिताब अपने नाम किया।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले रायपुर में हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। ऑडिशन में पंक्ति का चयन मिसेज इंडिया 2019,20 रीना एक्का द्वारा किया गया था। 13 वर्षीय पंक्ति हम एकेडमी में कक्षा 9वीं की छात्रा हैं। वह बचपन से ही डांस, एक्टिंग और मॉडलिंग के प्रति उत्साही रही हैं और पढ़ाई में भी प्रतिभाशाली छात्रा हैं। अपनी सफलता का श्रेय पंक्ति ने अपनी मां तरुणा साबे को दिया है जो आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव व एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं। साथ ही उन्होंने अपनी ग्रूमिंग मेंटर रीना एक्का, डांस टीचर संजना ठाकुर स्कूल शिक्षकों और मित्रों का भी आभार व्यक्त किया है।

# हरे माधव सत्संग के अमृत वचनों का भक्तों ने लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पूज्य सिन्धी पंचायत संरक्षक उधाराम मूलचंदानी, गोवर्धन दास नवतानी ने बताया सत्संग के बैठक में उपस्थितजन ध्यान पूर्वक अमृत वचनों का आत्मिक आनंद तभी होगा जब मन एकाग्र होता हैं। शनिवार शाम सिंधु भवन में सत्संग व भजन रायपुर से कृपापात्र सेवको द्वारा हरे माधव सत्संग किया गया। जिसमे कमल कुमार शादीजा के मुखारविंद से अमृत वचन का श्रवण लाभ मिला। साथ भजन मंडली द्वारा साई ईश्वरशाह के भजनों से संगत आत्मीयता आयोजन से जुड़ गई। रायपुर से आए कृपापात्रों में तेजकुमार बजाज, गोविन्द माखीजानी, कमल शादीजा, जेठालाल, घनश्याम होतवानी, सुभाष जगवानी, हर्ष, साहस होतवानी, कमल, कन्हैया लाल छाबड़ा, गुड्डू आहुजा, सुरेश राजवानी, शुभम, दीपक आडवाणी, सुनील थारवानी, बंटी दुर्गानी, सूर्यांश जेठानी, हरीश नागवानी ने सेवाएं दी।

अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया सिन्धी समाज में समय समय पर सभी प्रकार के आयोजन सिंधु भवन में कर रहे हैं। आज हरे माधव सत्संग में सर्व प्रथम साई ईश्वरशाह जी की प्रतिमा समक्ष सिन्धी पंचायत व गुरुद्वारा कमेटी एवं उपस्थित अतिथिगण द्वारा दीप प्राज्वलित पश्चात प्रतिमा में पख्खर पहनाया गया। पूर्व विधायक रेखचंद जैन , नगर निगम वरिष्ठ पार्षद योगेंद्र पांडे, डी. के. पाराशर, मिनाक्षी जोशी उपस्थित रहे, सत्संग पश्चात भजनों में सभी अतिथि व समाज सदस्यों ने आनंदपूर्वक भक्तिरस नृत्य किया। हरे माधव सत्संग के आयोजन में पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा वर्तमान समय मानव का ध्यान भटक रहा हैं ऐसे में सिन्धी समाज लगातार विभिन्न आयोजनो के साथ सत्संग का कार्यक्रम करना सनातन को जोड़ कर आत्मिक ज्ञान व सत्कर्म की ओर जोड़ रहे हैं।


